**खबर संक्षेप**

### नगर परिषद ने की चलानी कार्यवाही

**आरोन।** शनिवार को नगर परिषद सीएमओ हरिप्रसाद जाटव ने अपने दल बल के साथ नगर के मेन बाजार में भ्रमण कर दुकानों पर मास्क ना लगाने तथा पॉलीथिन का उपयोग करने पर की चलानी कार्यवाही की। ज्ञात रहे कि कोरोना महामारी अपने तीसरा रूप ना दिखाए इसके लिए अभी से तरह तरह के प्रयास किये जा रहे है तथा कलेक्टर गुना के निर्देश अनुसार नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के प्रयास स्वरूप नगर परिषद सीएमओ ने दुकानो पर पहुच कर जांच की, जिसमे जिन दुकानों पर दुकान दार मास्क लगा कर नही बैठे थे उन पर चलानी कार्यवाही की वही नगर के गायत्री मंदिर के पास मीट का विक्रय करने बाले दुकानदारों की दुकानों को सील करने की कार्यवाही की है। इस दौरान नायब तहसीलदार सन्तोष धाकड़ साथ रहे।

### परिवहन चेक पोस्ट पर लगा "स्टे"- परिवहन व्यवसाईयों की न्यायपूर्ण जीत : मनोज शर्मा

**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन संस्था के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि देशभर के परिवहन व्यवसाई एवं ट्रांसपोर्टर सीमाओं से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों तक आमजन की आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। देश की अर्थव्यवस्था एवं रसद व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में वाहन मालिकों एवं चालक भाइयों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सीमावर्ती चेक पोस्टों पर वाहनों को कई-कई दिनों तक रोककर जांच के नाम पर अनावश्यक परेशान किया जाता था तथा अवैध वसूली जैसी समस्याओं का सामना परिवहन व्यवसायियों को करना पड़ता था। इस गंभीर विषय को माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखा गया,जिस पर न्यायालय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए परिवहन चेक पोस्ट के संचालन पर "स्टे" प्रदान किया। संस्था अध्यक्ष ने इसे देशभर के परिवहन व्यवसाईयों,वाहन मालिकों एवं कर्मठ चालक भाइयों की एकता,संघर्ष और सच्चाई की ऐतिहासिक जीत बताया। उन्होंने कहा कि अब परिवहन कार्यों में अनावश्यक बाधाएं कम होंगी और देश की रसद आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारु रूप से आगे बढ़ सकेगी।इस अवसर पर संस्था द्वारा सी.एल.मुकाती,बल मलकीत सिंह,विजय कालरा,अमरजीत सिंह बग्गा,राजेंद्र त्रेहन,सत्येंद्र सिंह अरोरा,अनिल खंडेलवाल एवं उनकी पूरी टीम के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई प्रेषित की गई।

### मैहर रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का किया गया स्वागत



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एक दिवसीय पन्ना प्रवास के दौरान मैहर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत,वंदन एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मैहर के अध्यक्ष धर्मेश घई रोमी भैया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और युवाओं,किसानों तथा आमजन की आवाज को मजबूती से उठाया जा रहा है। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने प्रदेश अध्यक्ष को पन्ना प्रवास हेतु शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिले एवं शहर के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता,युवा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### मैहर में उपार्जन के परिवहनकर्ता विशाल जायसवाल पर 27 लाख 52 हजार रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित

**मैहर।** कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों में परिवहन के लिए आरक्षित किए गए गेहूं की मात्रा का मात्र 45 प्रतिशत परिवहन किए जाने पर अनुबंधकर्ता विशाल जायसवाल पर 27 लाख 52 हजार 650 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि उपार्जन वर्ष 2026-27 में मैहर जिले की 33 समितियों के द्वारा अब तक 37 हजार 961 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।

# बीरपुर में भीषण अग्निकांड: गृहस्थी का सामान जलकर खाक, दो लोग झुलसे





### सरपंच ने मौके पर पहुँचकर बँधाया ढाँढस, शासन से मदद दिलाने का दिया आश्वासन

**सतना।**

उंचेहरा तहसील के अंतर्गत थाना नागौद के ग्राम बीरपुर में बीती दरम्यानी रात एक मकान में अचानक आग लग जाने से भारी तबाही हुई है। इस भीषण अग्निकांड में राजेश चौधरी,पिता सीताराम चौधरी की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई,जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

#### गहरी नींद में था परिवार,अचानक मची अफरा-तफरी

जानकारी के अनुसार,बीती रात जब राजेश चौधरी का परिवार गहरी नींद में सो रहा था,तभी अचानक मकान के एक हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की खबर मिलते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने का प्रयास किया,जिसमें परिवार के दो सदस्य आग की लपटों की चपेट में आने से झुलस गए।

#### सरपंच की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह (शिब्बू धौरा) तत्काल रात्रि में ही मौके पर पहुँचे। मौके पर पहुँचकर उन्होंने स्थिति को संभाला और परिवार के सदस्यों को समझा-बुझाकर दोबारा जलते हुए घर के अंदर जाने से रोका,जिससे एक बड़ा जनहानि का खतरा टल गया।

#### लाखों का नुकसान,सहायता का आश्वासन

अग्निकांड की इस घटना में मकान मालिक राजेश चौधरी का अनाज,कपड़े और घर का कीमती सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है। सरपंच शिवेंद्र सिंह ने अपनी ओर से तात्कालिक व्यक्तिगत मदद प्रदान की और पीड़ित परिवार को ढाँढस बँधाते हुए विश्वास दिलाया कि यह एक दुखद घटना है। हमने पटवारी और संबंधित विभाग को सूचित कर दिया है। शासन की ओर से जो भी उचित मुआवजा और सहायता राशि बनती है,उसे जल्द से जल्द दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। फिलहाल,पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है और प्रशासन से शीघ्र मुआवजे की गुहार लगा रहा है।

# सतना में गरजे जीतू पटवारी: कुपोषण और बंगाल चुनाव को लेकर भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला





**सतना।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को अपने सतना प्रवास के दौरान भाजपा सरकार की नीतियों और चुनावी कार्यप्रणाली पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कुपोषण के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरा,तो वहीं पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केंद्र की भूमिका पर सवाल उठाए।

#### चुनावी शुचिता पर सवाल: बंगाल में हुई लोकतंत्र की हत्या

सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने पश्चिम बंगाल चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने कहा चुनाव के दौरान अधिकारियों के मनमाने तबादले किए गए। करीब 70 लाख मतदाताओं का मतदान होल्ड पर रखना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। यह निष्पक्ष चुनाव प्रणाली के लिए एक बड़ा खतरा है,जो आने वाली पीढ़ी के लिए गलत मिसाल पेश कर रहा है।

#### कुपोषण पर प्रहार: 40 रुपये में पोषण सिर्फ एक छलावा

सतना जिले में कुपोषण की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पटवारी ने सरकार को संवेदनहीन बताया। उन्होंने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा,सरकार दावा करती है कि वह कुपोषण मिटा रही है,लेकिन मात्र 40रुपये के बजट में किसी बच्चे को पूर्ण पोषण देना कैसे संभव है? उन्होंने आरोप लगाया कि पोषण आहार के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति और भ्रष्टाचार हो रहा है,जबकि जमीनी हकीकत में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं वेंटिलेटर पर हैं।

#### खिलाड़ियों के बीच पहुंचे पटवारी,फिटनेस का दिया संदेश

राजनीतिक गहमागहमी से इतर,जीतू पटवारी ने सुबह दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम पहुंचकर युवाओं और खिलाड़ियों को चौंका दिया। उन्होंने न केवल खिलाड़ियों से संवाद किया बल्कि उनके साथ व्यायाम कर 'फिटनेस' का संदेश भी दिया। कार्यकर्ताओं के साथ खेल और स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया।

#### कांग्रेस नेत्री उर्मिला त्रिपाठी के निवास पर सौजन्य भेंट

अपने प्रवास के दौरान जीतू पटवारी कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री उर्मिला त्रिपाठी के जवाहर नगर स्थित निज निवास भी पहुंचे। यहाँ त्रिपाठी परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से भेंट की और संगठन की मजबूती,जनहित के मुद्दों तथा प्रदेश के आगामी विकास लक्ष्यों पर सकारात्मक चर्चा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे आगामी चुनावों और संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखा गया।



## बदकन गौशाला में बड़ा अंतर: कागजों में 102, पर मौके पर मिले 165 गोवंश; 90 एकड़ भूमि अब भी अतिक्रमण की चपेट में

**सतना।** मझगवां विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत बदकन की गौशाला इन दिनों सरकारी आंकड़ों और जमीनी हकीकत के बीच विरोधाभास के कारण चर्चा में है। 2019में 'मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना' के तहत स्थापित इस गौशाला का हाल ही में निरीक्षण किया गया,जिसमें कई महत्वपूर्ण विसंगतियां सामने आईं।

**आंकड़ों में उलझा प्रशासन-** निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 165 गोवंश मौजूद पाए गए,जबकि जनपद कार्यालय के सरकारी रिकॉर्ड में यह संख्या मात्र 102दर्ज है। यह 63 पशुओं का अंतर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मुख्य चिंता यह है कि जब सरकार केवल 102 मवेशियों के आहार और रखरखाव के लिए बजट जारी करती है,तो अतिरिक्त पशुओं के चारे-पानी की व्यवस्था कैसे की जा रही है? इस विसंगति की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

**भूसे का भंडार संतोषजनक-** राहत की बात यह रही कि गौशाला के स्टोर रूम में लगभग 50 टन भूसा सुरक्षित मिला। वर्तमान में ज्ञानेंद्र महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित इस गौशाला में 6 कर्मचारी कार्यरत हैं और चारे की उपलब्धता फिलहाल पर्याप्त नजर आ रही है।

**90 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण का साया-** गौशाला संचालक राम प्रताप सिंह ने एक बड़ी समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया। गौशाला के समीप लगभग 90 एकड़ शासकीय भूमि है,जिस पर लंबे समय से अवैध अतिक्रमण बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन इस भूमि को मुक्त कराने में विफल रहा है। यदि यह 90 एकड़ जमीन अतिक्रमण मुक्त हो जाए,तो गोवंशों को चरने और प्राकृतिक वातावरण में रहने के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा। इससे बदकन गौशाला को एक आदर्श संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल-** अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन इन अतिरिक्त 63 गोवंशों को रिकॉर्ड में शामिल कर बजट बढ़ाएगा? साथ ही,क्या उन रसूखदारों पर कार्रवाई होगी जिन्होंने गौशाला की चारागाह भूमि पर कब्जा कर रखा है?



### कतरहा में जर्जर स्कूली भवन भरभराकर गिर गया रविवार को छुट्टी होने से कोई जनहानि नहीं हुई

**मैहर।** मैहर जिले के करतहा गांव में रविवार की शाम एक सरकारी स्कूल का जर्जर भवन अचानक भरभराकर गिर गया। बताया गया हैकि गनीमत रही कि घटना रविवार को हुई जिससे स्कूल में न तो कोई बच्चा मौजूद था और न ही शिक्षक। इससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल भवन करीब 10 से 15 साल पुराना था और लंबे समय से जर्जर हालत में था। रविवार शाम करीब 7 बजे गांव वालों ने जोरदार आवाज सुनी। बाहर निकलकर देखा तो स्कूल भवन का एक हिस्सा पूरी तरह ढह चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह घटना स्कूल समय के दौरान होती,तो कई बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती थी। जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि भवन को पहले ही जर्जर घोषित किया जा चुका था। इसी कारण यहां बच्चों की कक्षाएं नहीं लगाई जा रही थीं। भवन को पूरी तरह गिराने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को रिपोर्ट भी भेजी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक कलेक्टर से आदेश मिलते ही बचे हुए भवन को भी पूरी तरह जमींदोज कर दिया जाएगा,ताकि भविष्य में किसी प्रकार का खतरा न रहे। घटना के बाद ग्रामीणों ने जिले के अन्य पुराने और जर्जर स्कूल भवनों की भी जांच कराने की मांग की है,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# खौफनाक वारदात! जेसीबी हेल्पर का खून से लथपथ संदिग्ध शव मिला; संघर्ष और हत्या की आशंका

**सतना।**

जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत रखौंधा मार्ग पर सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक 30 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान लखनवाह निवासी पंकज हरिजन के रूप में हुई है,जो एक निजी जेसीबी मशीन में बतौर हेल्पर कार्यरत था। घटनास्थल पर मिले साक्ष्य किसी बड़ी साजिश और हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं।

#### सुबह सैर पर निकले ग्रामीणों ने देखा मंजर

घटना बिहरा क्रमांक-1 से रखौंधा जाने वाले मुख्य मार्ग की है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे जब ग्रामीण मॉर्निंग वॉक पर निकले थे,तब उनकी नजर सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़े पंकज पर पड़ी। युवक की मौत की खबर आग की तरह फैली और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोटर पुलिस ने दल-बल के साथ पहुंचकर घेराबंदी की।

#### साक्ष्य चीख-चीख कर दे रहे गवाही: हादसा नहीं, हत्या!

पुलिस की प्रारंभिक जांच और फॉरेंसिक साक्ष्यों ने इस मामले को गंभीर बना दिया है। मौके पर कुछ ऐसे निशान मिले हैं जो यह बताते हैं कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं है। घसीटने के निशान: सड़क और झाड़ियों के पास जमीन पर घसीटने के स्पष्ट चिह्न मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कहीं और की गई और सबूत मिटाने के लिए शव को यहां लाकर फेंका गया।





#### रात में काम पर निकला था,अब ड्राइवर हुआ 'गायब'

परिजनों ने बताया कि पंकज रविवार रात को जेसीबी ड्राइवर के साथ रखौंधा पहाड़ पर काम करने के लिए घर से निकला था। मृतक के पिता अच्छेलाल हरिजन के मुताबिक,पंकज पूरी रात ड्यूटी पर था। सुबह उसका शव मिलना पूरी कहानी को संदिग्ध बना रहा है।पुलिस अब उस जेसीबी ड्राइवर और अन्य साथियों की तलाश कर रही है,जिनके साथ पंकज आखिरी बार देखा गया था।

#### पुलिस का बयान: हर एंगल से हो रही जांच

कोटर पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के वास्तविक कारणों (गला घोंटना या चोट) की पुष्टि होगी।हमने संदिग्धों की तलाश के लिए टीमें रवाना कर दी हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना के बाद से ग्राम लखनवाह में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए।

#### हाथों में मिट्टी और संघर्ष के संकेत:

मृतक के हाथों में गीली मिट्टी लगी मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि जान बचाने के लिए पंकज ने हमलावरों से कड़ा संघर्ष किया होगा।

### कलेक्टर-एसपी ने हरदासपुर पहुंचकर आंगनबाड़ी और राशन दुकान का किया औचक निरीक्षण



**मैहर।** जिला प्रशासन ने सोमवार को ग्राम पंचायत हरदासपुर में जमीनी हकीकत परखने के लिए आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी और पुलिस अधीक्षक ने सरपंच निलेद सिह की मौजूदगी में गांव की दो सबसे अहम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं वहां उन्होंने पंजीकृत बच्चों की संख्या,उपस्थिति रजिस्टर और पोषण आहार वितरण की जानकारी ली। जांच के दौरान बच्चों को दिया जा रहा नाश्ता और भोजन,वजन-मशीन की स्थिति,साफ-सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए साथ ही कार्यकर्ता और सहायिका को तय मेन्यू के अनुसार गर्म भोजन देने,रोज वजन लेने और टीकाकरण रिकॉर्ड अपडेट रखने को कहा।

**राशन दुकान पर सख्ती-** इसके बाद शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचा जहां पर अधिकारियों ने मौके पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे बात की और स्टॉक रजिस्टर, ई-पॉश मशीन में एंट्री,अनाज की गुणवत्ता और तौल मशीन की जांच की गई। इस अवसर पर कोटेदार को स्पष्ट कहा गया कि हर पात्र परिवार को पूरा राशन समय पर मिले। कम तौल या गड़बड़ी की शिकायत पर एफआईआर तक की कार्रवाई होगी।

**ग्रामीणों से सीधा संवाद-** निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। लोगों ने हैंडपंप खराब होने,कच्ची सड़क और पेंशन न मिलने की समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को फोन पर ही निर्देश दिए कि 7 दिन में प्रगति रिपोर्ट दें। एसपी ने गांव में नशे और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बीट प्रभारी को निर्देशित किया। सरपंच निलेद सिंह ने बताया कि अफसरों के गांव आने से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। प्रशासन के इस रुख से ग्रामीणों में भरोसा बढ़ा है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी भीषण टक्कर, दो युवक गंभीर घायल



पन्ना। जिले के सलेहा थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सलेहा-कटन मार्ग पर सलेहा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार, बजाज पल्सर बाइक पर सवार दोनों युवक कटन से सलेहा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल सलेहा पुलिस को दी। पुलिस ने डायल 100 और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें सतना रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान अरुण सिंगरौल निवासी मुरकूछू एवं रविकांत चौधरी निवासी मड़ईयन के रूप में हुई है। दोनों के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर फरार कार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस फंड में योगदान में पन्ना जिला निरंतर पांच वर्ष से अग्रणी




पन्ना। देश के भूतपूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के कल्याणकारी योजनाओं के लिए संचालित सशस्त्र सेना झण्डा दिवस फंड में 4 लाख 91 हजार रूपए दान राशि के साथ पन्ना जिला इस वर्ष भी अग्रणी रहा है। जिले में निरंतर पांच वर्ष से निर्धारित लक्ष्य से अधिक राशि एकत्र करने का कार्य हुआ। इस उपलब्धि पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने गत 21 अप्रैल को लोकभवन में आयोजित समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन में पन्ना जिले को सम्मानित किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी छतरपुर कमाण्डर रामविशाल यादव द्वारा सोमवार को टीएल बैठक में सभी कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति में कलेक्टर ऊषा परमार को राज्यपाल से प्रदत्त ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। कलेक्टर ने इसे जिले के लिए गौरव बताया और सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि फंड में शासकीय सेवकों द्वारा सामर्थ्य अनुसार अधिकाधिक राशि का दान किया जाए। देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए सभी विभागों द्वारा सहयोग व योगदान की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर कल्याण संयोजक छतरपुर राकेश कुमार त्रिपाठी एवं रिटायर्ड हवलदार पन्ना लक्ष्वेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का देवेंद्रनगर में जगह जगह हुआ जोरदार स्वागत



पन्ना। नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे मैंन तिराहा देवेन्द्रनगर में सतना से पन्ना जाते समय मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। नगर की सीमा सुंदरा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में स्वागत करने के पश्चात,कांग्रेस नेता हिम्मत बागरी द्वारा अपने निज निवास में स्वागत किया। तपश्चात मैंन तिराहा में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश द्विवेदी,महासचिव रमेश अग्रवाल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर ब्लॉक अध्यक्ष मिलन कुशवाहा एवं जिला महामंत्री आशीष बागरी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने जीतू पटवारी का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर ,शाल श्रीफल से सम्मान किया। जोरदार आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद जीतू पटवारी का काफिला पन्ना के लिए रवाना हो गया।

# रूंझ डेम व मझगांय परियोजना से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे जीतू पटवारी

# आदिवासियों के साथ कांग्रेसियों को खड़े रहने के लिए दी नसीहत

**केन-बेतवां लिंक परियोजना का विरोध जहां समाजसेवी अमित भटनागर ने किया उसके बाद अचानक मझगांय व रूंझ डेम की परियोजनाओं का विरोध जिले में जारी हुआ। अब यह विरोध कांग्रेस पार्टी ने जहां आदिवासियों के लिए हक की लड़ाई को लेकर कांग्रेस मुद्दे को जमीन से लेकर सदन तक लड़ने की बात करने लगे।**



पन्ना।

जीतू पटवारी भाजपा के जमीन नापने का पटवारी अपने आप को बता रहे है। 15 महीने की सरकार जब कमलनाथ की थी जब केन-बेतवा लिंक परियोजना व रूंझ मझगांय जैसी परियोजनाओं को लेकर कांग्रेस ने पन्ना में आदिवासियों की चिंता नहीं याद आई। अचानक अब तेजी का कारण समझ से परे।

निश्चितौर पर सत्ता में जब सरकारें होती है तो जनता की समस्यायें सायद क्यों नहीं याद आती। यह एक अपने आप में सवाल ही बना रहता है। केन-बेतवा लिंक परियोजना को जब कांग्रेस को विरोध करना था तब सायद कुछ खास नहीं हुआ वहीं कमलनाथ की सरकार भले ही 15 महीने के लिए सत्ता में रही तब भी केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर कांग्रेस ने कुछ पत्ते नहीं खोला। वहीं रूंझ डेम परियोजना व मझगांय मध्यम परियोजना की जो आज बात की जा रही है यह समझ से परे है। लगभग एक माह से जब केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर जिन प्रभावित परिवारों को मुआवजे को लेकर अमित भटनागर के नेतृत्व में मामला उठा वहीं ग्राम सभाओं पर भी आरोप लगा। कुछ समय बात रूंझ व मझगायं जैसी परियोजनाओं का विरोध जारी हो गया। अब इन परियोजनाओं का जब एवार्ड पारित हो चुका हो लोग मुआवजा भी ले चुके लेकिन अब इस मुआवजे की लड़ाई फिर गरमा गई है। जो लगभग पांच साल या सात साल पहले इन परियोजनाओं को लेकर कार्यवाही हुई थी भू-अर्जन की जिसको लेकर विगत 15 दिवस पूर्व भी जब विरोध हुआ तो इसमें अब सुधार को लेकर बात उठी थी। वहीं कुछ दिवस पूर्व जब अमित भटनागर के साथ कुछ लोगों को सिंचाई विभाग के एसडीओ की रिपोर्ट पर काम बंद कराये जाने को लेकर जो आरोप लगाये गये उस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा एफआईआर दर्ज कर अमित भटनागर व कुछ लोगों को जेल भेजा गया जिनकी आज जमानत भी मंजूर हो चुकी है माननीय न्यायालय से वहीं इसी मामले को लेकर झाबुआ से विधायक विक्रांत भूरिया ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आदिवासियों के साथ विरोध जताया। इसके बाद कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पहले जेल पहुंचे अमित भटनागर से मिलने वहीं इसके बाद प्रभावित परिवारो के बीच जहां रूंझ और मझगायं डेम से जो परिवार प्रभावित है उनसे रूबरू हुए। अब जीतू पटवारी मामले को जमीन से लेकर सदन तक उठाने की बात कह रहे है। आदिवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों को खड़े रहने की नसीहत दे रहे है। पर सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जब कमलनाथ की सरकार 15 महीने को ही सही तब ये आदिवासियों के लिए न्याय क्या यह कांग्रेस सरकार नहीं कर सकती थी क्या तब कांग्रेस को यह सब याद नहीं आया। न ही केन बेतवा लिंक परियोजना याद आई। अब आज जब केन बेतवा लिंक परियोजना में कार्य शुरू हो गया तब 50 लाख पेड़ याद आ रहे है। आखिर यह कैसी राजनीति पन्ना जिले का भविष्य राजनीति को लेकर क्या माना जाये। मामला चाहे जो हो अब देखना यह है कि जब स्वयं कांग्रेस पार्टी आज सरकार में विपक्ष की भूमिका निभा रही है सायद केन बेतवा लिंक परियोजना जो अब प्रकृति के न्याय को लेकर जीतू पटवारी को ठीक नहीं लग रही वहीं विरोध कितना किया जायेगा क्या केन बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण को कांग्रेस रोक पायेगी। वहीं रूंझ डेम परियोजना व मझगायं परियोजना के प्रभावित परिवारों के मुआवजे की राशि क्या अब बढ़ पायेगी। मामला चाहे जो हो पर कांग्रेस ने इस मुद्दे को जमीन से लेकर सदन तक उठाने को लेकर जो ठानी है आदिवासियों के हक को लेकर लडाई को लेकर यहा कितना लाभ मिलेगा यह वक्त ही तय करेगा।

# कलेक्टर ने की निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

### दीदी कैंटीन एवं सांची उत्पादों के विक्रय के जरिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने पर भी हुई चर्चा

पन्ना।




कलेक्टर ऊषा परमार ने आज विभिन्न निर्माण विभाग के जिला अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रगतिरत और पूर्ण कार्यों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 3 अंतर्गत संधारण वाले मार्गों तथा वर्तमान भौतिक स्थिति सहित प्रगतिरत ब्रिज के कार्यों की जानकारी ली गई। जल संसाधन विभाग के अधिकारी द्वारा जिला कलेक्टर को जिले में क्रियान्वित निर्माणाधीन मध्यम और लघु सिंचाई परियोजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए इस वर्ष किलकिला फीडर की पूर्णता की जानकारी दी गई। इस क्रम में लोक निर्माण विभाग और भवन विकास निगम के अप्रारंभ और अवरूद्ध कार्यों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए गए। इसी तरह पीएचई, जल जीवन मिशन एवं विद्युत कंपनी की परियोजना एवं कार्यों की भौतिक प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्टर ने विद्युत कंपनी के अधिकारी को ग्राम पंचायतों एवं अन्य व्यक्तियों के अधिक बिजली बिल की शिकायतों के निराकरण तथा इसके लिए अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी पाबंद करने के निर्देश दिए। विद्यालयों में विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा भी हुई। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि वर्तमान में पवई को छोड़कर शेष सभी जनपद पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी द्वारा पन्ना शहर के प्राणनाथपुरम कॉलोनी के पार्क, सीवर लाइन और सड़क इत्यादि कार्यों को जून माह तक पूर्ण करने की जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा विभागवार जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के कार्यों की भी समीक्षा की तथा अनिवार्य रूप से स्थल पर निर्माण कार्य का बोर्ड लगवाने के पुनः निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार कार्यालय पन्ना सहित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन तथा पांच ग्राम पंचायतों को फिश पार्लर की राशि हस्तांतरण के संबंध में भी चर्चा हुई। कलेक्ट्रेट परिसर में दीदी कैंटीन की शुरूआत सहित स्वसहायता समूह की महिलाओं को सांची मिल्क पार्लर के माध्यम से दुग्ध एवं सांची के अन्य उत्पादों के विक्रय से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर भी आवश्यक चर्चा की गई।

### कलेक्टर ने टीएल बैठक में हितग्राहीमूलक कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से हितग्राहीमूलक कार्यों और योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में विभागीय कार्ययोजना मुताबिक कार्यों की सतत मानीटरिंग के लिए भी सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा कर स्कूल शिक्षा विभाग की अधिक संख्या में लंबित शिक्षक और कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों का विभाग स्तर पर समन्वय कर निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारियों को एक सप्ताह में अधिकतम शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर बेहतर रैंक के संबंध में हिदायत दी गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पेयजल संबंधी शिकायतों का विशेष रूप से परीक्षण कर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने



एल 1 स्तर पर सीएम हेल्पलाइन की नॉट अटेंड शिकायतों की समीक्षा भी की। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पन्ना अशोक मिश्रा द्वारा सर्वाधिक 10 शिकायतों को नॉट अटेंड करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी चेतावनी दी और बीईओ सहित ऐसे संबंधित अन्य अधिकारियों को भी अविलंब निर्धारित जुर्माना राशि जमा कराने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से शिकायतों को अटेंड कर निराकृत करने के लिए 181 मोबाइल एप डाउनलोड करने की सलाह भी दी। इसके अलावा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं को पारदर्शिता के साथ समय सीमा में प्रदान करने की मंशा से नियमित रूप से समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने बैठक में न्यायालयीन मामलों के निराकरण सहित अन्य विभागीय प्रकरणों में तय समयावधि में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए गंभीरतापूर्वक दायित्वों के निर्वहन के लिए कहा।

## ई-विकास पोर्टल के जरिए अब किसानों को होगा उर्वरक वितरण

### कार्यशाला में दी जानकारी, किसान स्वयं कर सकेंगे टोकन जनरेट



पन्ना।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 में अब सभी किसानों को ई-विकास पोर्टल के जरिए उर्वरक वितरण का निर्णय लिया गया है। किसान को उपयोग एवं आवश्यकतानुसार खाद प्राप्त करने की इस नवीन प्रणाली को सुगम एवं आसान बनाया गया है। वितरण केन्द्रों पर लाइन में लगकर उर्वरक प्राप्त करने के स्थान पर किसान द्वारा स्वयं टोकन जनरेट कर अपनी सुविधानुसार निर्धारित केन्द्र पर पहुंचकर खाद प्राप्त की जा सकेगी।

इस पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से उर्वरक वितरण की नवीन व्यवस्था के संबंध में सोमवार को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभागार में कार्यशाला का आयोजन कर पंजीकृत उर्वरक विक्रेताओं को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। बताया गया कि इससे किसानों को रकबा अनुसार अनुशंसित उर्वरक की मात्रा भी ज्ञात होगी। आधार एवं खसरा खतौनी की जानकारी दर्ज कर 48 घंटे की स्लॉट बुकिंग हो सकेगी। कृषकों को एक बार में ही खाद प्राप्त करने की सुविधा होगी और स्लॉट अनुसार किसान नजदीकी केन्द्र से उर्वरक का उठाव कर सकते हैं। एमपी कृषि की वेबसाइट पर लॉगिन कर ई-टोकन जनरेट किया जा सकता है।

उप संचालक ओ.पी. तिवारी ने बताया कि ई-विकास प्रणाली से प्रत्येक किसान को समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इससे कालाबाजारी की रोकथाम के साथ समय की बचत भी होगी। कार्यशाला में उपस्थितजनों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया सहित उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एन.के. गुप्ता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पन्ना के प्रबंधक अमित श्रीवास्तव, जिला विपणन अधिकारी श्री धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी कृषि यू.एस. बागरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जय सिंह लोधी एवं कृषि अभियांत्रिकी इकाई से श्री नवीन भी उपस्थित रहे।

# विशेष शुक्ला की 11 मई को पुण्यतिथि पर, विशेष प्रतिभा सम्मान आयोजित

देवेन्द्रनगर।



आनन्द शुक्ला पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस विधानसभा प्राभारी सतना, के भतीजे स्मृतिशेष प्रिय विशेष शुक्ला की 11 मई को पुण्यतिथि पर, विशेष प्रतिभा सम्मान आयोजित। प्रिय विशेष ने अपना जीवन सम्पूर्ण देश मे हिमांचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और भी अन्य प्रदेशों में घूम घूमकर बच्चों को शिक्षा के साथ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे जागरूक करने का कार्य किया। प्रिय विशेष के बच्चों कि शिक्षा के प्रति प्रेम को देखते हुए ही, प्रिय विशेष के परिजनों ने यह निर्णय लिया कि प्रिय विशेष की स्मृति दिवस पर, सिलगी पंचायत क्षेत्र में गिरवारा स्कूल से 12 वी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक क्षात्रा एवम एक क्षात्र का प्रतिभा पुरस्कार से दस- दस हजार रुपये देकर समानित किया जाय जिससे आने वाले क्षेत्रो को प्रेरणा मिले, 11 मई को ग्राम सिलगी में आयोजित विशेष प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत बालिका संवर्ग में अंशिका तिवारी 91.4ः पिता संतराम तिवारी (राजू) माता- अहिल्या तिवारी बालक वर्ग में रोहित वर्मा पिता शोभालाल, माता घसीटिया, 80.4 (आर्ट) 10 हजार रुपये, ट्राफी, मैडल से माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री भारत प्रसाद शर्मा, अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री राम लखन शुक्ला जी विशिष्ट अतिथि प्राभारी प्राचार्य हायरसेकंडरी स्कूल गिरवारा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रिय विशेष के परिजनों के साथ भारी संख्या में ग्राम सिलगी के ग्रामीणजन, एवं छात्र उपस्थित रहे।

## देश में पहली बार ड्रोन एवं फायर रिटार्डेंट की मदद से “एरियल फायर फाइटिंग” का प्रायोगिक प्रयास

### दक्षिण पन्ना वनमण्डल एवं राज्य वन अनुसंधान संस्थान द्वारा शाहनगर वन परिक्षेत्र में आधुनिक वन अग्नि प्रबंधन तकनीक का परीक्षण

पन्ना।





दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा वन अग्नि प्रबंधन हेतु एक अभिनव पहल करते हुए शाहनगर वन परिक्षेत्र में ड्रोन एवं फायर रिटार्डेंट “मोनो अमोनियम फॉस्फेट” आधारित मिश्रण की सहायता से “एरियल फायर फाइटिंग” का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। यह प्रयास देश में अपनी तरह के प्रारंभिक प्रयासों में से एक माना जा रहा है, जिसमें वनाग्नि नियंत्रण हेतु आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग किया गया। इस कार्य में दक्षिण पन्ना वनमण्डल के साथ राज्य वन अनुसंधान संस्थान (थ्ल्प्) का तकनीकी सहयोग भी प्राप्त हुआ। ग्रीष्मकाल में दूरस्थ एवं दुर्गम वन क्षेत्रों में लगने वाली आग तक वन अमले का समय पर पहुंच पाना कई बार अत्यंत कठिन हो जाता है। कई परिस्थितियों में आग तीव्र होने पर वन कर्मचारियों को सीधे आग के समीप कार्य करना पड़ता है, जिससे उनके जीवन को गंभीर जोखिम उत्पन्न होता है। वर्तमान में अधिकांश वन अग्नियों को मैनुअल तरीकों जैसे फायर बीटिंग, काउंटर फायर एवं लीफ ब्लोअर आदि के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। ऐसे में ड्रोन अथवा हेलीकॉप्टर आधारित एरियल फायर फाइटिंग भविष्य में वन कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने, दुर्गम क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा आग की प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण स्थापित करने का एक संभावित विकल्प बन सकता है। प्रयोग के दौरान ड्रोन के माध्यम से वन क्षेत्र में 0.1 हेक्टेयर के स्थल पर मोनो अमोनियम फॉस्फेट (डा।च) आधारित फायर रिटार्डेंट का नियंत्रित छिड़काव किया गया। यह रसायन आग की तीव्रता एवं उसके प्रसार को कम करने में सहायक माना जाता है। इस पहल का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रदर्शन तक सीमित न होकर इसकी व्यवहारिक उपयोगिता, लागत, प्रभावशीलता एवं संभावित पारिस्थितिक प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन करना भी है। इसके अंतर्गत विभिन्न मौसमों में अनेक परीक्षण, फील्ड विजिट, अवलोकन एवं मिट्टी, जल एवं अन्य नमूनों का संग्रहण एवं विश्लेषण किया जाएगा, जिसके बाद ही इसकी वास्तविक प्रभावशीलता, आर्थिक व्यवहार्यता एवं पर्यावरणीय स्थिरता के संबंध में निष्कर्ष निकाले जाएंगे। दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा बताया गया कि यदि यह तकनीक वैज्ञानिक अध्ययन में व्यवहारिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से उपयुक्त पाई जाती है, तो भविष्य में इसका उपयोग दुर्गम वन क्षेत्रों, तीव्र वनाग्नि परिस्थितियों तथा संवेदनशील वन्यजीव आवासों में वन अग्नि प्रबंधन के लिए किया जा सकता है। वन विभाग का यह प्रयास वन अग्नि प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों के सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं उत्तरदायी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### तलैया वाले हनुमान जी मंदिर में विराजेगा राम दरबार, 10 मई से शुरू हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह



पन्ना। नगर के बी.टी.आई. रोड स्थित तलैया वाले हनुमान जी मंदिर (भाजपा कार्यालय के पास) में भगवान श्री रामदरबार (श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी) की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। 10 मई से शुरू हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 14 मई तक श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न होगा।

**पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा**-हनुमान मंदिर प्रबंधन और समस्त भक्तगणों द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय महोत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगेरू10 मई (रविवार)रू कार्यक्रम का शुभारंभ प्रायश्चित पूजन के साथ हुआ।11 मई (सोमवार)रू पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और देवपूजन जैसे विधान किए गये। 12 मई (मंगलवार)रू कुटी कर्म, जलाधिवास, अन्नाधिवास, शय्याधिवास के साथ ही भगवान की भव्य नगर भ्रमण यात्रा निकाली जाएगी।13 मई (बुधवार)रू दोपहर 1 बजे मुख्य देव प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा (प्रसाद वितरण) होगा। शाम 7 बजे गंगा आरती की तर्ज पर भव्य संध्या महाआरती का आयोजन किया जाएगा।14 मई (गुरुवार)रू महोत्सव का समापन जलविहार कार्यक्रम के साथ होगा।आयोजक समिति और समस्त भक्तगणों ने धर्मप्रेमी जनता से इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### मैरिज गार्डन में 3 दिन पहले लगी थी अधेड़ को गोली, ग्वालियर में हुई मौत

**बमीठा।** विगत दिवस गंज के ओम मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान नीरज सेन द्वारा कट्टे से गोली चलाई गई थी। गोली लगने से मम्मा उर्फ दरबारी पटेल 55 वर्ष निवासी गंज गंभीर रूप से घायल हो गया था। क्योंकि उसके पेट से गोली आर-पार निकल गई थी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रिफर किया था लेकिन ग्वालियर में 3 दिन चले उपचार के बाद मम्मा उर्फ दरबारी पटेल की मौत हो गई। दरबारी पटेल की मौत की खबर सुनते ही उसके परिवार में शोक का माहौल बन गया। हालांकि इस मामले में पुलिस ने आरोपी नीरज सेन को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था और उसके विरूद्ध 307 का मामला पंजीवद्ध कर जेल भेज दिया गया था उसके कब्जे से कट्टा भी बरामद हुआ था लेकिन घायल की मौत के बाद इस मामले में अब हत्या की धारा 302 का और इजाफा किया जायेगा। मृतक दरबारी पटेल झमटुली के जालम पटेल के लड़के की शादी में ओम मैरिज गार्डन गंज गया हुआ था तभी यह घटना घटित हो गई।

### पेप्टेक टाउन से लाखों की हुई चोरी, डीडीए कृषि अनिल मिश्रा के घर को चोरों ने बनाया निशाना

**छतरपुर।** थाना ओरछा रोड के अंतर्गत नौगांव रोड़ स्थित पेप्टेक टाउन जिसे बर्तमान में सबसे सुरक्षित माना गया है लेकिन वहां भी चोरों ने सेंध लगा दी और ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नगदी पार कर दिए। जानकारी के अनुसार पेप्टेक टाउन में रहने वाले डीडीए डॉ अनिल मिश्रा की मां की तबियत खराब थी इसलिए वह घर का ताला बंद कर मां को देखने के लिए अपने घर परिवार सहित चले गए लेकिन रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर अलमारी के लॉकर तोड़े और वहां से लाखों रूपए के जेवरात ले गए। इस बात की जानकारी जैसे ही लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की घटना की जानकारी फोन द्वारा डीडीए अनिल मिश्रा को दी गई। जब तक डॉ अनिल मिश्रा नही आ जाते है तब तक चोरी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है। क्योंकि उनके आने के बाद ही पता चलेगा कि चोर क्या क्या सामान ले गए। इसके अलावा एक और मकान से चोरी हुई है इन चोरियों का खुलासा तब हुआ जब वहां पर काम करने वाली बाई पहुंची और दरवाजा खुले मिले। ओरछा रोड़ थाना के दीपक यादव पुलिस बल के साथ पेप्टेक टाउन पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पेप्टेक टाउन में रहने वाले लोगों से सुरक्षा व्यवस्था और मेंटेनेस के नाम पर हर माह पैसे लिए जाते है लेकिन इस पॉश कॉलोनी में हुई लाखों की चोरी ने पेप्टेक टाउन की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है क्योंकि कहने के लिए सुरक्षा के नाम पर यहां पर गार्ड तैनात है और कॉलोनी अदंर जाने पर बकायदा इंट्री होती है। लेकिन इसके बावजूद भी चोरो ने सूने घर का ताला तोड़ा। लोग इसलिए पेप्टेक टाउन में रहते है क्योंकि वहां सुरक्षा की गारंटी है लेकिन ऐसी पॉश कॉलोनी में यदि चोरी होने लगे तो फिर सुरक्षा व्यवस्था पर उगली उठना लाजिम है।

### महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**छतरपुर।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज द्वारा मंगलवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड चित्रकूट धाम के विशेषज्ञों की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह शिविर ममता (सोनू) अग्रवाल की पुण्यतिथि पर उनके पति संजय अग्रवाल बबलू एवं चौधरी महेंद्र अग्रवाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की आँखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देने के साथ ही दवाएं, चश्मे मुफ्त प्रदान किए जाएंगे। जिन मरीजों को मोतियाबिंद पाया जाएगा उन्हें शिविर के तत्काल बाद निजी वाहन से चित्रकूट ले जाकर सशुल्क और निशुल्क आपरेशन किए जाएंगे। मरीजों के आने-जाने, ठहरने व भोजन की निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

आयोजन समिति के सदस्यों अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, संरक्षक हरि अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रभात सर्राफ, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अग्रसेन महिला विकास समिति की अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम अग्रवाल शानू ने आंखों के मरीजों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# एसपी ने पहली क्राइम मीटिंग में अपराध लंबित रहने का पूछा कारण, महिला अपराधों पर प्राथमिकता देने के दिए निर्देश



**छतरपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार को पहली क्राइम मीटिंग पुलिस अधिकारियों की ली और इस पहली क्राइम मीटिंग में एसपी ने जिले में अपराध नियंत्रण पर भारी जोर दिया। पहली क्राइम मीटिंग पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के परिचय से शुरू हुई, इस क्राइम मीटिंग में एडिशनल एसपी आदित्य पटले सहित सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने और भी तमाम निर्देश थाना प्रभारियों को दिये उन्होंने कहा कि बढते अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाएं। रात गश्त चेकिंग तेज करें, वाहनों की समय-समय पर चेकिंग होनी चाहिए और हाईकोर्ट के निर्देश का पालन कराने के लिए बिना हेलमेट वाहन चालकों के चालन किये जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी पुलिस अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नही सकता। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानों के गंभीर अपराध, महिला संबंधी अपराध, मर्ग, एस सी-एसटी प्रकरण, शिकायतों के निराकरण, सीसीटीएनएस फीडिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की। लंबित अपराधों की स्थिति एवं लंबित रहने के कारणों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये साथ ही न्यायालय संबंधी कार्यावाही के क्रियान्वयन हेतु भी निर्देश दिये इसके अलावा गंभीर अपराध, लघु अधिनियम, संबंधी प्रकरणों एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। सड़क दुर्घटनाओं के आंकडों को चेक कर पुलिस अधिकारियों को दुर्घटना पीड़ितों के प्रति संवेदन शीलता एवं आवश्यक त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जन सामान्य के साथ सकारात्मक भाषा एवं व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देश दिये जिससे पुलिस एवं आमजन के मध्य बेहतर संबंध एवं विश्वास रहे।

**बमीठा थाना क्षेत्र में दबंगों का आतंक, घर में घुसकर परिवार पर हमला**

# युवक का कथित अपहरण कर बेरहमी से की मारपीट, गांव के बाहर लहूलुहान मिला घायल



**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोरिया में देर रात दबंगों द्वारा एक परिवार पर हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने घर में घुसकर परिवार के लोगों के साथ मारपीट की और एक युवक का कथित रूप से अपहरण कर उसे बेरहमी से पीटा।

जानकारी के अनुसार घटना टोरिया पावर हाउस के पास की है, जो चंद्रनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आती है। पीड़ित परिवार ने अमित यादव, मुकेश गुप्ता, सुरेंद्र यादव और इंदा यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने देर रात घर में घुसकर उत्पात मचाया और दीपक नामदेव को जबरन अपने साथ ले गए। बाद में दीपक गांव के बाहर गंभीर हालत में लहूलुहान पड़ा मिला। घटना के बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बमीठा थाना में चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में आग लगाने पर प्रशासन सख्त, किसानों पर पानी फेरने की नौबत



**छतरपुर।**

शहर के कृष्ण विश्वविद्यालय के समीप वेयर हाउस के बगल स्थित खेतों में देर रात्रि एक किसान द्वारा फसल अवशेष में आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया, जिससे राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना ललोनी तिराहा के पास की बताई जा रही है।

प्रशासन द्वारा पहले ही खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर के निर्देशों के बाद प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है, इसके बावजूद किसान द्वारा रात्रि में आग लगाए जाने की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण कराया।

**बम्हौरी चौकी पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप**

## पीड़िता बोली- पुलिस और विपक्ष ने मिलकर किया हमला, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।**

*बकस्वाहा थाना क्षेत्र की बम्हौरी चौकी पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट कराने के गंभीर आरोप लगे हैं। सोमवार को ग्राम खमरिया निवासी उर्मिला राजपूत अपने शरीर पर चोटों के निशान लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की।*

पीड़िता ने आवेदन में बताया कि 10 मई की रात उसका देवर बेगप्रताप उर्फ चिंटू पुराने लेनदेन के रुपए मांगने गांव के ही एक व्यक्ति के घर गया था। इसी



दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। महिला का कहना है कि जब उसकी सास बीच-बचाव करने पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई। उर्मिला राजपूत ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची बम्हौरी चौकी पुलिस विपक्षी पक्ष के लोगों के साथ मिल गई और उनके घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडों एवं जूतों से मारपीट की। घटना में उसके देवर के हाथ में गंभीर चोट आने की बात भी कही गई है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी पक्ष गांव में अवैध शराब का कारोबार करता है, जिसके चलते पुलिस उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रही। पीड़िता ने मेडिकल परीक्षण कराकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## बिजावर मार्ग पर बाइक अनियंत्रित, दो लोग घायल



**छतरपुर।** बिजावर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायलों को डायल-112 की टीम ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाकर इलाज सुनिश्चित किया। छतरपुर से बिजावर जा रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल थाना मातगुवां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोडन के पास अचानक अनियंत्रित हो गई। इससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे का बताया जा रहा है। घायलों की पहचान आशीष सोनी (40 वर्ष) पुत्र रतनलाल सोनी, निवासी चौक बाजार तथा सुनील वाल्मीकि (40 वर्ष) पुत्र छोटेलाल वाल्मीकि, निवासी अमानगंज मोहल्ला, संकटमोचन मंदिर के पास के रूप में हुई है। हादसे में दोनों के सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही डायल-112 पर तैनात आरक्षक दिलीप निगवाल एवं चालक सुरेंद्र कुमार जोशी मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों का इलाज अस्पताल में जारी है। समय पर पुलिस की मदद मिलने से घायलों को शीघ्र चिकित्सा उपलब्ध हो सकी।

**नगर परिषद् बारीगढ़ ने जिले में सबसे पहले जनगणना 2027 अंतर्गत पूर्ण किया एचएलबी का कार्य**

## सबसे पहले एचएलबी कार्य पूर्ण करने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, टेनर एवं चार्ज अधिकारी को किया सम्मानित

बारीगढ़ के सभी 16 ब्लॉक में प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशन में हुआ था एचएलबी संपन्न

**छतरपुर।**



जनगणना 2027 के प्रारंभिक चरणों में 30 मई 2026 तक मकानों की गणना एवं मकानों के सूचीकरण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने की दिशा में छतरपुर जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल के कुशल निर्देशन और अनुविभागीय जनगणना अधिकारी (एसडीएम) बलवीर रमन एवं चार्ज अधिकारी (सीएमओ बारीगढ़) अजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में नगर परिषद बारीगढ़ ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को समय से पहले सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है।

नगर परिषद बारीगढ़ के अंतर्गत आने वाले एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) 01 से 16 तक का कार्य 07 अप्रैल 2026 को 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया था।

कलेक्टर ने की फील्ड टीम की सराहना की, प्रशंसा पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर किया सम्मानित

जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी से पूर्ण करने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने फील्ड में लगे कर्मचारियों की सराहना की है। साथ ही बारीगढ़ मॉडल की तरह ही जिले के अन्य नगरीय निकायों और तहसीलों में भी कार्य को समय से पहले पूर्ण करने के लिए लगातार मार्गदर्शन दिया जा रहा है। डिजिटल आधारित इस जनगणना में बारीगढ़ की यह सफलता आगामी चरणों के लिए एक मजबूत आधार साबित होगी। इसके लिए प्रमुख जनगणना अधिकारी ने सोमवार को टीएल बैठक पश्चात जिला पंचायत सभाकक्ष में बारीगढ़ के चार्ज अधिकारी अजय अग्निहोत्री, फील्ड ट्रेनर संजय कुमार यादव (प्राचार्य), सुपरवाईजर धीरज कुमार देवलिया, सोमचन्द्र विश्वकर्मा, मोहनलाल यादव सहित 16 एचएलबी के प्रगणकों को प्रशंसा पत्र देकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम गौरिहार बलबीर रमन मौजूद रहे।

# 6 साल की विदुषी आर्या अग्रवाल का अग्रवाल समाज ने किया सम्मान



**छतरपुर।** अल्पायु में कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के किशनपुर की प्रतिभाशाली बालिका 6 वर्षीय आर्या अग्रवाल का सोमवार सुबह पठापुर रोड स्थित राम जानकी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज छतरपुर द्वारा सम्मान किया गया। आर्या अग्रवाल राम जानकी मंदिर से महीनो से निकल रही प्रभात फेरी के समारोह में भाग लेने आई थी।

प्रभात फेरी आज सुबह राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर खेरे की देवी मंदिर, खड़े हनुमान जी होते हुए हनुमान टोरिया से वापस राम जानकी मंदिर पहुंची जहां आर्या अग्रवाल द्वारा संस्कृत के बहुत सारे श्लोकों का विधिवत वचन किया गया। प्रभातफेरी के समापन उपरांत नगर अग्रवाल समाज द्वारा इस विदुषी कन्या को माल्यार्पण कर और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कन्या की विद्वता से प्रभावित होकर नगर अग्रवाल समाज और समाज के लोगों ने उसे नगद राशि भी भेंट की। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, संरक्षक हरि प्रकाश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, हरपालपुर के प्रमोद अग्रवाल, बद्री बारदाने वाले, संतोष खैरी, श्रीमती ज्ञानू अग्रवाल, सौरभ सन्नी, रवि शिवानी, मुकेश वकील सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले की किशनपुर की प्रतिभाशाली 6 वर्षीय बालिका आर्या अग्रवाल को गीता के एक हजार से अधिक श्लोकों का ज्ञान है और बताया जाता है कि उनका आईक्यू काफी अलग है। यह संस्कृत के कठिन और जटिल श्लोकों व कोड को भी आसानी से पढ़ लेती हैं। इसके साथ ही 50 से ज्यादा गीता श्लोक उनके अर्थसहित उन्हें याद हैं। आर्या कई बड़े धार्मिक व सामाजिक मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकीं हैं। आर्या उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बागेश्वर महाराज और वृंदावन में प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात कर चुकी है। जबकि देवकीनंदन ठाकुर महान संत रामभद्राचार्य सहित अनेक लोग उन्हें मंचों से सम्मानित कर चुके हैं। वे अब तक 10 से ज्यादा हिंदू सम्मेलन और धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेकर गीता श्लोकों और मंत्रों से धर्म का प्रचार कर चुकी हैं।

## देशभर के 136 जिलों में आज रात सवा 8 बजे होगा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ

**छतरपुर**

करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र व दैविक, दैविक, भौतिक विपत्तियो से छुटकारा दिलाने और बागेश्वर बालाजी के चरणों से जोडने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों बद्रीनाथ के पहाड़ों में तप और साधना कर रहे हैं। यह साधना निर्विघ्न संपन्न हो इसके लिए देशभर का शिष्य मंडल अपने-अपने स्तर पर पूजा अर्चना, अनुष्ठान कर रहा है। इसी क्रम में देश भर में स्थित 136 जिलों के बागेश्वर धाम शिष्य मंडलों द्वारा मंगलवार को रात 8:15 बजे एक साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ का अनुष्ठान किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और शिष्य मंडल में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बागेश्वर धाम के सेवादार एवं छतरपुर शिष्य मंडल के राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि देश के सभी 136 जिलों के शिष्य मंडलों से इस आयोजन के संबंध में विधिवत चर्चा हो चुकी है। सभी निर्धारित स्थानों पर शाम साढ़े 7 बजे से उपस्थित होंगे। रात 8 बजे से 8:15 तक श्री राम नाम संकीर्तन होगा, इसके बाद सवा 8 बजे से एक साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा।आयोजन का उद्देश्य महाराज श्री की साधना सफल होने के साथ ही आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हुए देशभर के श्रद्धालुओं को एक सूत्र में जोडना भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के भ्रम से बचें और सोशल मीडिया में फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। छतरपुर जिला मुख्यालय में मुख्य आयोजन फिरंगी पछाड़ मंदिर में होगा जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम में शिष्य मंडल के सदस्य एवं श्रद्धालु सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।विशेष बात यह रहेगी कि शिष्य मंडल के प्रभारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से देशभर के आयोजनों से एक साथ जुड़ेंगे और कार्यक्रम की लाइव सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।आयोजकों ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### हरपुरा में दिनदहाड़े चोरी, नकदी-जेवरात सहित बक्सा ले गए चोर

**बमीठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुरा बमारी पंचायत में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए नकदी, सोना-चांदी एवं जरूरी कागजात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार हरपुरा निवासी लक्ष्मी रैकवार अपनी पत्नी के साथ मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बैंक एवं गैस की केवाईसी कराने राजनगर गए हुए थे। शाम लगभग 4 बजे जब वे वापस घर लौटे तो घर के अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर का सामान बिखरा पड़ा था और बक्सा गायब था।

पीड़ित परिवार के अनुसार चोर घर में रखे करीब 50 हजार रुपये नगद, एक सोने का आभूषण, आधा किलो चांदी के जेवर तथा महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर ले गए। चोर बक्सा भी अपने साथ ले गए। दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने एवं जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**जहां कमी वहां सबसे पहले बारदाना भेजें, खरीदी न रुके : कलेक्टर**

## जनगणना अंतर्गत मकानों के सूचीकरण के जल्द से जल्द एचएलबी कार्य पूर्ण करने के निर्देश



**छतरपुर।** सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम, विभागों के अधिकारी, निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ उपस्थित रहे है।

जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण में 30 मई 2026 तक मकानों के सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जैसवाल ने निकायों के एचएलबी कार्य की समीक्षा करते हुए सीएमओ छतरपुर, राजनगर, बिजावर, नौगांव को विशेषरूप से जल्द से जल्द एचएलबी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के जनगणना संबंधी कार्यों की मॉनिटरिंग करने के एसडीएम एवं सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी प्रगणक-पर्यवेक्षक कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर बारदाने से गेहूं खरीदी न रुके और बारदाने की कमी वाले केन्द्रों पर प्राथमिकता से गठाने भेजने के डीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने सलैया, रगौली, गौरगांय, ढड़ारी एवं घुवारा केन्द्रों पर प्राथमिकता से बारदाने भेजने के डीएमओ को निर्देश दिए। साथ ही 7 दिवसों का डिस्ट्रीब्यूशन प्लान बनाकर गेहूं उठाव परिवहन तीव्र गति के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भण्डारण हेतु गोदामों की मैपिंग करने लिए कहा और खरीदी के विरूद्ध भुगतान भी क्लियर करने के निर्देश दिए।

### जल संवर्धन के कार्यों में लापरवाही पर जीएम डीआईसी को शोकॉज नोटिस

छतरपुर जनपद सीईओ को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पोषण वाटिका के कार्य एक हफ्ते में पूर्ण कराने निर्देश

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वन विभाग को कंटूर ट्रैंच, तालाब निर्माण, पौधरोपण उच्च शिक्षा विभाग को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, जन अभियान परिषद् को नारा लेखन, जल चौपाल, प्रभात फेरी आदि कार्यों के लिए विशेषरूप से प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। पंचायतों में नौगांव में खेत तालाबों के कार्यों में अप्रसन्नता व्यक्त की और शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए एवं निकायों में भी पाईप लाईन लीकेज सुधार, युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन आदि कार्य कराने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने उद्योग विभाग द्वारा जल संवर्धन के कार्यों में लापरवाही पर जीएम डीआईसी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही छतरपुर जनपद सीईओ को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पोषण वाटिका के कार्य एक हफ्ते में पूर्ण कराने निर्देश दिए।

### समाधान योजना में बिजली के सरचार्ज में छूट

कैम्पों के माध्यम से समाधान योजना में बिजली के सरचार्ज में छूट के संबंध उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने के संबंध में एवं बिजली कटौती की समस्याओं को लेकर भी ईई एमपीईबी को निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को मिशन मोड में शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को 50 दिवस और स्कूल शिक्षा विभाग को 1000 दिवस की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से बंद कराने के लिए कहा।

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी में समय सीमा से बाहर प्रकरण होने पर पेनल्टी लगाई। जिसमें तहसीलदार गौरिहार, घुवारा, नायब तहसीलदार बमनौराकलॉ, जुझारनगर, सीएमओ गढ़ीमलहरा एवं नौगांव अंतर्गत सचिव गर्रौली पचायत पर पेनाल्टी अधिरोपित की है। साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में लक्षित आवेदनों हेतु क्षेत्रों में प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए। एसडीएम को अत्याचार निवारण के अनुभागों के राहत राशि हेतु जाति प्रमाण पत्र के आवेदन क्लियर कराने के लिए निर्देशित किया एवं एनएचएआई के भू अर्जन की समस्याओं के निराकरण के लिए भी निर्देश दिए।




## स्वच्छता और सुरक्षित भोजन, स्वस्थ समाज की पहचानः न्यायाधीश मृदुल लटोरिया

**खजुराहो। क्षेत्र में जन-जागरूकता, स्वच्छता एवं विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मृदुल लटोरिया, न्यायाधीश द्वारा विभिन्न स्थानों पर विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष तिवारी, सैनिटाइजेशन इंस्पेक्टर संदीप राजपूत तथा न्यायालय राजनगर के नाजिर जीतेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

शिविरों के माध्यम से आमजन को श्रम कानूनों, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, स्वच्छता संबंधी प्रावधानों तथा नागरिकों के विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही लोगों को स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मोबाइल कोर्ट भी आयोजित की गई, जिसमें होटल, रेस्टोरेंट एवं भोजनालय संचालकों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, रसोईघर की स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के भंडारण एवं उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने हेतु आवश्यक निर्देश एवं समझाइश दी गई। मृदुल लटोरिया द्वारा कहा गया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना व्यापारियों का कानूनी दायित्व होने के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं श्रमिकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विधिक जानकारी प्राप्त की तथा स्वच्छ एवं जागरूक समाज निर्माण हेतु सहयोग का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम बाल कौशल केंद्र के आलोक का राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हुआ चयन



**रीवा।** नगर निगम रीवा बाल कौशल केंद्र के होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ी आलोक सोंधिया का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह उपलब्धि पूरे रीवा जिले के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 13 मई से 15 मई 2026 तक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जाएगा। प्रतियोगिता ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हो रही है, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। आलोक सोंधिया वर्तमान में बाल कौशल केंद्र में ताइक्वांडो प्रशिक्षक पवन किशोर मांझी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के चलते उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त हुआ है। आलोक की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आलोक सोंधिया के चयन से बाल कौशल केंद्र के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### जिले में निःशुल्क शव वाहन सेवा का प्रभावी संचालन जरूरतमंदों को मिल रही त्वरित सहायता

**रीवा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क शव वाहन सेवा निरंतर बेहतर ढंग से संचालित की जा रही है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता प्रदान की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी जीर ने बताया कि माह अगस्त 2025 से अप्रैल 2026 तक कुल 1246 शवों का परिवहन किया गया है। इनमें से मऊगंज क्षेत्र में 117 रीवा क्षेत्र में 1129 शव परिवहन किए गए हैं। यह सेवा अस्पताल से मृतक के गृह ग्राम तक सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक परिवहन सुनिश्चित कर रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। शव वाहन सेवा स्वास्थ्य विभाग की एक संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी पहल है। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद परिवार को समय पर वाहन उपलब्ध हो और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सेवा की गुणवत्ता एवं त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी 108 और शव वाहन सेवा ऋषिराज गौतम ने बताया कि जिले में शव वाहन की मॉनिटरिंग सतत रूप से की जा रही है। कॉल प्राप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर वाहन उपलब्ध कराया जाता है। आमजन से अपील है कि निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों निःशुल्क कॉल सेन्टर नंबर 155334 तथा 9644453956, 7880094831 पर ही संपर्क करें, ताकि सेवा का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। शव वाहन सेवा का उपयोग केवल जिले के अंदर स्वास्थ्य संस्था से मृतक के गृह ग्राम तक परिवहन के लिए किया जाएगा। जिले के बाहर शव परिवहन के लिए एंबुलेंस/वाहन की अनुमति नहीं है। आमजन से अपील की गई है कि सेवा का उपयोग केवल वास्तविक आवश्यकता होने पर ही करें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या दुरुपयोग से बचें और निर्धारित संपर्क नंबरों पर ही कॉल करें।

# सभी अधिकारी दो दिन में टूर डायरी बनाकर उसके अनुसार करें दौरा : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी दो दिन में टूर डायरी बनाकर प्रस्तुत करें। उसके अनुसार क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम खण्ड स्तरीय अधिकारियों के भ्रमण की मानीटरिंग करें। जिले में मैदानी स्तर के अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्य में दक्ष हैं। उनके कार्यों की जिला स्तरीय अधिकारी सतत मानीटरिंग करके विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण कराएं। प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके जिले का सीएम हेल्पलाइन में वेटेज स्कोर 80 से अधिक करें। विभाग यदि सी और डी श्रेणी में रहेगा तो संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा श्रम विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें। आवेदकों से स्वयं फोन से संपर्क करके प्रकरणों का निराकरण कराएं।कलेक्टर ने कहा कि श्रम विभाग, सामाजिक न्याय, आयुष्मान कार्ड तथा सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक प्रकरण के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार हैं। इन विभागों के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। बिना अनुमति तथा अवैध कब्जा करके मकान बनाने की शिकायतों पर शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतें कार्यवाही करें। सभी अधिकारी मांग आधारित शिकायतों पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। पेंशन अधिकारी 50 दिनों से अधिक समय से लंबित 19 प्रकरणों का निराकरण कराएं। इनमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। केवल दो घंटे मेहनत करने पर ही सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण निराकृत हो जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिला, तहसील और विकासखण्ड स्तर के सभी कार्यालयों में ई आफिस व्यवस्था पूरी तरह से लागू कराएं। अब केवल ई आफिस के माध्यम से ही फाइलों का मूवमेंट होगा। जानकारियाँ भेजने और पत्राचार के लिए भी ई आफिस का उपयोग करें। रीवा जिले को ई आफिस में प्रदेश में प्रथम स्थान पर हमें पहुंचाना है। कलेक्टर ने जनगणना के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि अभी 5 प्रगणकों ने लॉगिन नहीं किया है। इन्हें आज ही लॉगिन करा दें। मकानों के सूचीकरण से संबंधित सर्वेक्षण की जानकारी कम से कम 50 प्रतिशत दो दिवस में दर्ज कराएं। सभी चार्ज अधिकारी तथा सीएमओ जनगणना पर विशेष ध्यान दें। मकानों के सर्वे का डाटा आनलाइन फीड कराएं। बैठक में कलेक्टर ने पेंशन प्रकरणों के निराकरण, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था तथा भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन, एसडीओ वन हितेन्द्र खण्डेलवाल तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद के सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# रिंग रोड पर चलती कार बनी आग का गोला,समय रहते बाहर निकले सवार; पूरी कार जलकर खाक, बिछिया थाना क्षेत्र में देर रात हादसा



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड पर रविवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना जोरी गांव के समीप की बताई जा रही है। कार में सवार लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए तत्काल वाहन रोककर बाहर निकल अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया और वाहन धू-धू कर जलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार रिंग रोड की ओर जा रही थी। इसी दौरान जोरी गांव के पास पहुंचते ही वाहन से धुआं उठता दिखाई दिया। कार सवारों को किसी तकनीकी खराबी की आशंका हुई, जिस पर उन्होंने तत्काल गाड़ी सड़क किनारे रोक दी। वाहन की जांच करने के दौरान अचानक कार में तेज लपटें उठने लगीं और कुछ ही मिनटों में पूरी कार आग के गोले में तब्दील हो गई। घटना के दौरान कार में रुक-रुक कर धमाके भी होते रहे, जिससे आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। आग इतनी भीषण थी कि कोई भी व्यक्ति वाहन के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। सड़क पर गुजर रहे वाहन भी कुछ देर के लिए रुक गए और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना तत्काल बिछिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद कंट्रोल रूम से दमकल वाहन बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कार में सवार सभी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल गए। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है,

### रीवा संभाग ई आफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**रीवा।** प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 19908 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 76533 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6261 फाइलों का क्रिएशन तथा 50127 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 3242 फाइलों का क्रिएशन तथा 35485 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 14वें स्थान पर है। रीवा जिले में 8216 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 56296 फाइलों का मूवमेंट हुआ है।

# सड़क हादसे के घायल युवक की मौत: परिजनों ने साथी पर लगाए गंभीर आरोप

## अस्पताल में हंगामासगरा थाना क्षेत्र के लौवा गांव के पास हुई थी दुर्घटना



**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद संजय गांधी अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा किया और मृतक के साथ मौजूद उसके साथी पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना को लेकर पुलिस अब सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सगरा थाना क्षेत्र के निवासी 35 वर्षीय रावेन्द्र सोंधिया 4 मई को अपने परिवार के साथ बैकुंठपुर गए हुए थे। बताया गया है कि वापस लौटते समय रावेन्द्र परिवार के साथ नहीं आए, बल्कि गांव के ही पिंटू सोंधिया नामक युवक के साथ बाइक से निकले थे। इसी दौरान लौवा गांव के समीप उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए, जिनमें रावेन्द्र की हालत गंभीर होने पर उन्हें तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।करीब एक सप्ताह तक चले उपचार के बाद बीती रात रावेन्द्र सोंधिया की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि यह केवल सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं है, बल्कि रावेन्द्र के साथ कोई साजिश की गई है। उनका कहना है कि हादसे के समय मौजूद साथी युवक की भूमिका संदिग्ध है और पुलिस को उससे सख्ती से पूछताछ करनी चाहिए। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से साथी युवक द्वारा अलग-अलग बयान दिए जा रहे हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया। वही मामले को लेकर सगरा थाना पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह एक सड़क दुर्घटना प्रतीत हो रही है। पुलिस के अनुसार हादसे के समय बाइक पर सवार दोनों युवक नशे की हालत में थे और उन्होंने सड़क पर जा रहे एक पैदल व्यक्ति को टक्कर मार दी थी। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए।पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को भी गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले से जुड़े सभी लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है।

# अमहिया मार्ग चौड़ीकरण फिर बदला: पहले 22, फिर 18 और अब 12 मीटर में सिमटी योजना, राजनीतिक दबाव में बदली जा रही रूपरेखा

**रीवा।**



शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पहले 22 मीटर चौड़ीकरण की योजना बनाई गई, फिर कुछ हिस्सों में इसे 18 मीटर किया गया और अब कई स्थानों पर सड़क को मात्र 12 मीटर तक चौड़ा किए जाने की बात सामने आ रही है। लगातार बदलती योजना ने पूरे प्रोजेक्ट की उपयोगिता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक सिरमौर चौराहे से अमहिया नाले तक सड़क को लगभग 22 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव था। वहीं अमहिया नाले से साहू होटल तक करीब 18 मीटर चौड़ीकरण की योजना तैयार की गई थी। इसके बाद आगे फिर 22 मीटर चौड़ीकरण की चर्चा थी। प्रशासनिक स्तर पर इसी आधार पर तैयारियां भी शुरू की गई थीं, लेकिन अब अचानक कई हिस्सों में सड़क चौड़ीकरण को सीमित कर दिया गया है। अमहिया मार्ग पर सोमवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। हालांकि कई स्थानों पर केवल चार से पांच फीट तक ही निर्माण हटाए जाने की स्थिति सामने आई है। ऐसे में लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि जब चौड़ीकरण सीमित दायरे में ही करना था तो फिर करोड़ों रुपये खर्च कर बड़े प्रोजेक्ट की जरूरत क्या थी।पोल शिफ्टिंग में ही भारी खर्चसूत्रों के अनुसार सड़क चौड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल और लाइन शिफ्टिंग में ही डेढ़ से दो करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावा नाला निर्माण और अन्य निर्माण कार्यों में भी बड़ी राशि खर्च होगी। बावजूद इसके सड़क का वास्तविक चौड़ीकरण अपेक्षा के अनुरूप नहीं दिखाई दे रहा।25 साल की जरूरतों वाली योजना पर सवालशहरी विकास की योजनाएं सामान्यतः 20 से 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, लेकिन अमहिया मार्ग की मौजूदा स्थिति देखकर लग रहा है कि प्रशासन वर्तमान यातायात दबाव के अनुरूप भी प्रभावी व्यवस्था नहीं बना पा रहा। यदि अभी पर्याप्त चौड़ीकरण नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में यह सड़क फिर जाम और अव्यवस्था का केंद्र बन जाएगी।राजनीतिक दबाव की चर्चा हालांकि कार्रवाई के दौरान आम लोगों का विरोध अपेक्षाकृत कम दिखाई दिया, लेकिन लगातार बदलती योजना को लेकर राजनीतिक दबाव की चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए चौड़ीकरण का दायरा कम किया जा रहा है, जिससे पूरी योजना का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है।

## पुलिस लाइन में हुआ खूनी संघर्ष : प्रधान आरक्षक पर तलवार-गरासे से हमला

# हालत गंभीर पुलिसकर्मी सुरेंद्र पाण्डेय उर्फ मामा व उसके बेटे पर जानलेवा हमले के आरोप, घायल की पत्नी बोलीं पुलिस लाइन में आतंक का पर्याय बन चुका हैं आरोपी

**रीवा।**





शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन में रविवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब दो पुलिसकर्मियों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि विवाद के दौरान तलवार, गरासे तथा लाठी-डंडों से हमला कर एक प्रधान आरक्षक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल प्रधान आरक्षक को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उपचार के भोपाल बंसल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना रविवार रात लगभग 11:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन निवासी प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी, जो वर्तमान में मंनगावा थाने में पदस्थ हैं तथा इन दिनों रीवा न्यायालय में ड्यूटी कर रहे हैं, देर रात अपने घर पहुंचे थे। इसी दौरान उनका पुलिसकर्मी सुरेंद्र पाण्डेय उर्फ मामा से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई।आरोप है कि सुरेंद्र पाण्डेय ने अपने बेटे समन पांडे तथा दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मुकेश तिवारी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तलवार, गरासे और डंडों का इस्तेमाल किया गया, जिससे मुकेश तिवारी गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के दौरान पुलिस लाइन परिसर में अफरा-तफरी मच गई।बताया जा रहा है कि जब मुकेश तिवारी की चीख-पुकार सुनकर उनका परिवार घर से बाहर निकला तो आरोपियों ने उनके पुत्र के साथ भी मारपीट की। परिजनों के अनुसार हमलावर काफी देर तक उत्पात मचाते रहे। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रधान आरक्षक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।नशे में करता है उत्पात घायल प्रधान आरक्षक की पत्नी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा लंबे समय से पुलिस लाइन में विवादों का कारण बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी अक्सर शराब के नशे में गाली-गलौज और हंगामा करता है। इतना ही नहीं, उसके खिलाफ पूर्व में भी कई बार शिकायतें और विभागीय कार्रवाई हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद उसका व्यवहार नहीं बदला। परिजनों का कहना है कि आरोपी पुलिस लाइन में आतंक का पर्याय बन चुका है और उसके डर से लोग खुलकर शिकायत तक नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते दिनों भी सुरेंद्र पांडे ने विवाद करने का प्रयास किया था, लेकिन उस समय मामला शांत करा दिया गया था।पुलिस अधिकारी बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाईघटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घायल पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

# जिले में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाये जा रहे हैं विशेष शिविर- कलेक्टर



**मऊगंज।** जिले में फार्मर रजिस्ट्री सैचुरेशन की कार्यवाही को पूर्ण करने के लिए 11मई से 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसलों के आधार पर उर्वरक प्रदाय किया जाना है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा है कि किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री और बकेट क्लेमिंग कार्य के लिए जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर 20 मई के बीच विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित शिविर से कम से कम एक दिन पूर्व किसानों को फार्मर आईडी बनवाने, छूटे खसरों को जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होने के लिए मुनादी कराई जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाएगी और उनके सभी खसरों को इस आईडी से लिंक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग, पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों द्वारा किसानों के ई-टोकन बुकिंग का कार्य भी संपन्न किया जाएगा, जबकि सहकारिता विभाग द्वारा समिति स्तर पर सदस्यों की ई-टोकन बुकिंग सुनिश्चित की जाएगी।
कलेक्टर ने कहा है कि शिविर में आने वाले किसानों को अपने साथ आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण (खसरा खतौनी), मोबाइल नंबर और समग्र आईडी लाना अनिवार्य होगा। यदि किसान की मृत्यु हो चुकी है, तो उस स्थिति में परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य वारिसों का सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संपूर्ण कार्य की प्रगति की जिम्मेदारी संबंधित तहसीलदारों की होगी, जिनका समन्वय कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों की जानकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जाए। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 12 मई को नईगढ़ी तहसील के बधवाकोठर, बन्नई, डिहिया पडान, फुलहा, देवरी सेंगरान, जोधपुर, इटहाकला, शाहपुर, बदौआ तथा तिवरिगवां में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। मऊगंज तहसील अन्तर्गत बेलहाई खुर्द हिडवार, ढनगन, घुरेहटाकला, नौढ़िया, घुघरी, पहाड़ी निरपत सिंह, पलिया त्रिवेणी, देवरी, नरैनी तथा बराती में शिविर लगाये जायेंगे। वहीं हनुमना तहसील में लासा, मिसिरगवां, रघुनाथगढ़, जमुई, अटरिया, सगहनकला, पैपखार, तिलया, गोपला तथा बिझौली शुकलान में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए तैनात किया गया है।

# जनगणना कार्य में तेजी लाने निगम आयुक्त पहुंचे फील्ड में, प्रगणकों से की सीधी चर्चा

**रीवा।**



भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 की अवधि में संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के अंतर्गत प्रगणक घर-घर पहुंचकर जानकारी दर्ज कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन ने फील्ड में पहुंचकर जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया तथा जमीनी स्तर पर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर सीधे प्रगणकों से चर्चा कर मकान नंबरिंग, डाटा एंट्री एवं ग्राउंड लेवल पर की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की। साथ ही दर्ज किए जा रहे विवरण का मिलान कर उसकी पुष्टि करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने एक मकान का विवरण दर्ज करने में लगने वाले समय की जानकारी भी ली। प्रगणकों द्वारा बताया गया कि रहवासियों द्वारा प्रश्नावली के उत्तर दिए जाने पर सामान्यतः 5 से 15 मिनट में डाटा प्रविष्टि का कार्य पूर्ण हो जाता है। प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी अक्षत जैन ने सुपरवाइजर द्वारा ब्लॉकवार मॉनिटरिंग, डाटा सिंकिंग एवं दैनिक प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जनगणना कार्य में आ रही जमीनी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए नगर जनगणना अधिकारी को निर्देशित किया कि निगम स्थित हेल्पडेस्क एवं फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया जाए, जिससे राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जा सके।साथ ही प्रगणकों द्वारा कुछ मकानों में विवरण दर्ज करने में आ रही समस्याओं की जानकारी दिए जाने पर निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। समस्त डाटा सुरक्षित सर्वर पर एनक्रिप्टेड रूप में संग्रहित किया जाता है तथा रिपोर्ट में केवल समग्र आंकड़े प्रकाशित किए जाते हैं। किसी भी व्यक्ति का नाम अथवा पता सार्वजनिक नहीं किया जाता और न ही जानकारी का उपयोग टैक्स, पुलिस अथवा जांच संबंधी कार्यों में किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से जनगणना में सक्रिय सहभागिता निभाने एवं सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। साथ ही लापरवाही बरतने वाले प्रगणकों को शीघ्रता एवं गंभीरता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान नगर जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, जनगणना समन्वयक शशिकांत शुक्ला, सुपरवाइजर श्रीमती प्रिया शर्मा एवं प्रगणक श्रीमती पुष्पा मिश्रा मौजूद रहे ।

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 98935 मी. टन हुई गेंहू की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 23523 किसानों से 98935 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 35911 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जित गेंहू में से 61170 मीट्रिक टन का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है। अब तक किसानों को 111 करोड़ 82 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र जारी कर दिए गए हैं। किसानों के खाते में अब तक 94 करोड़ 13 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में 78 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। सभी किसान उपार्जन के लिए अपनी सुविधा के अनुसार 23 मई तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। उपार्जन के लिए साफ-सुथरा और गुणवत्तापूर्ण गेंहू उपलब्ध कराएं।

# संयुक्त निदेशक जनगणना ने मकान गणना कार्य का किया गया निरीक्षण



**मऊगंज।** जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान गणना का कार्य जारी है। संयुक्त निदेशक जनगणना कार्य भोपाल रामावतार पटेल ने मऊगंज, देवतालाब में मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के कार्य में पायी गई कमियों के सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों से जारी मकान गणना कार्य की जानकारी ली गई और प्रगणकों को निर्धारित तिथि तक मकान गणना का कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी अधिकारी मोहित साहू, सीएमओ राहुल शर्मा, तहसीलदार बीरेन्द्र कुमार पटेल एवं उमाकांत शर्मा उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय की अध्यक्षता में तथा संयुक्त निदेशक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व गणना की समीक्षा की गयी। बैठक में निर्देश दिये गये कि पूरी तत्परता के साथ प्रथम चरण में किये जा रहे कार्य का समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।